प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सवाईमाधोपुर और धौलपुर के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लेंगे–दौसा के डूंगरपुर गांव में ईसरदा–दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास करेंगें

- आरपीएससी की ओर से आरएएस परीक्षा, 2023 के सातवें चरण के साक्षात्कार आज सें

- सावन माह के अंतिम सोमवार पर आज प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांतां

- प्रदेश में बारिश का दौर धीमा पडा–मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पूर्वी भागों में तीन–चार दिन हल्की से मध्यम बारिश की संभावनां

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सवाईमाधोपुर और धौलपुर के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा कर जायज़ा लेंगें श्री शर्मा चकचैनपुरा स्थित हवाई पट्टी और बिश्नोता हवाई पट्टी पर आमजन और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर चर्चा भी करेंगें हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि उनके साथ कृषि और आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद रहेंगें

.....

इसके बाद मुख्यमंत्री दौसा के डूंगरपुर गांव में ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास करेंगें इस अवसर पर श्री शर्मा जन समारोह में लोगों को संबोधित भी करेंगें

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के कांडला बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक–इन–इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र के चालू होने को स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया हैं दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण की यह परियोजना देश के नेट–ज़ीरो उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है और हमारे नेट–ज़ीरो दृष्टिकोण को बल प्रदान करता हैं इस संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कियां ये हरित हाइड्रोजन संयंत्र भारत के समुद्री और लोजिस्टिक्स क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगां

0000

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक आज से मुंबई में शुरु होगीं रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में रेपो रेट में कटौती पर चर्चा की जाएगीं समिति के निर्णयों की घोषणा बुधवार को होगीं रिज़र्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति की समीक्षा में दीवाली से पहले ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंको की कटौती की घोषणा कर सकता हैं हालांकि, कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि लगातार तीन बार दरों में कुल एक सौ आधार अंको की कटौती के कारण रिज़र्व बैंक रेपो रेट को संभवतः पांच दशमलव पांच प्रतिशत पर ही बनाए रखेगां

0000

जैसलमेर में वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया और राज्य वन विभाग की ओर से सयुंक्त रूप से थार के शिकारी पक्षियों के परिस्थितिकी तंत्र– पर एक प्रोजेक्ट शुरू किया गया हैं इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य थार क्षेत्र में पाए जाने वाले शिकारी पक्षियों जैसे गिद्धों की पारिस्थितिकी को समझना हैं इस शोध के तहत पहली बार थार क्षेत्र में शिकारी पक्षियों पर जीपीएस ट्रांसमीटर आधारित टेलीमेट्री अध्ययन शुरू किया गया हैं वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया में शोधकर्ता वरूण खेर ने बताया कि यह अध्ययन इन प्रजातियों की आवाजाही, निवास स्थान, प्रजनन व्यवहार और खतरों को समझने में मदद करेगां इससे इनके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने में सहायता मिलेगीं

.....

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस परीक्षा, 2023 के सातवें चरण के साक्षात्कार आज से शुरू हो रहे हैं आयोग की उप सचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि ये साक्षात्कार ईक्कीस अगस्त तक चलेंगें गौरतलब है की आरपीएससी द्वारा नौ सौ बहत्तर पदों के लिए आयोजित आरएएस परीक्षा 2023 का परिणाम दो जनवरी 2025 को घोषित किया गया थां इसमें दो हजार एक सौ अड़सठ अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की थीं 21 अप्रैल 2025 से पहले चरण के साक्षात्कार शुरू किए गए थें

00000

सावन माह के अंतिम सोमवार पर आज प्रदेशभर के प्रमुख शिवालयों सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तगण बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं मंदिरों में भक्तों की लम्बी कतारे लगी हुई हैं विभिन्न पवित्र स्थलों से कावडिये पवित्र जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित कर रहे हैं भरतपुर में शमशानेश्वर महादेव मंदिर में जीवित सांपों की सजीव झांकी सजायी गई हैं पाली में सोमनाथ मंदिर में शिवजी का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया हैं मंगलेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्रघट अभिषेक का आयोजन हो रहा हैं जैसलमेर के रतनेश्वर, मुक्तेश्वर और देवचंदेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालु उत्साह के साथ पंहुच रहे हैं सवाईमाधोपुर के शिवाड स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम हो रहे हैं उधर भीलवाडा में आज विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भव्य कावड यात्रा निकाली जा रही हैं

0000

केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मोटे अनाज के उपयोग को बढावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं इसी कडी में डीग जिले के कुम्हेर की क्रय–विक्रय सहकारी समिति में श्री अन्न भण्डार का आउटलेट खोला गया हैं इस आउटलेट में उपभोक्ताओं को उचित दर पर मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा और मक्का के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगें

.....

0000

पश्चिमी राजस्थान के सबसे बडे जवाई बांध से निकलकर जोधपुर तक जाने वाली जवाई नहर के लिए डीपीआर और सर्वे के टेंडर की प्रकिया शुरू हो गई हैं राज्य सरकार ने इसके लिए बजट में 2 हजार 280 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए हैं पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके बनने से जवाई बांध से व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी का भी उपयोग हो सकेगां

......

00000

प्रदेश में कल बारिश का दौर धीमा रहां हालांकि कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई भरतपुर के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश हुई सबसे ज्यादा 63 मिलीमीटर बारिश रुदावल में दर्ज की गई मौसम विभाग के अनुसार कल बांसवाड़ा, डबोक, डूंगरपुर, करौली, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, दौसा और भरतपुर सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश हुई जयपुर में दिनभर छितराए बादल छाए रहें इससे उमस का असर बढ गयां मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में आगामी 3–4 दिन मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं–कही तेज बारिश होने की संभावना हैं आगामी 5–6 दिन पश्चिमी राजस्थान में केवल छुटपुट स्थानों पर ही हल्की बारिश होने और अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना हैं

00000